**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 3 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि घोरावल से प्रयागराज एवं घोरावल से वाराणसी तक चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन पुनः यथाशीघ्र करायेगें ? | प्रयागराज क्षेत्र द्वारा घोरावल-मिर्जापुर मार्ग पर निगम एवं अनुबन्धित कुल 06 बस सेवाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से एक बस सेवा मिर्जापुर- घोरावल- मिर्जापुर- प्रयागराज-मिर्जापुर हेतु संचालित है।<br>घोरावल से वाराणसी मार्ग पर सोनभद्र डिपो की एक सेवा का संचालन दिनांक 28.05.2023 से प्रारम्भ कर दिया गया है। |
| | (ख) | क्या घोरावल के खुटहां बाईपास के पास बने रोडवेज बस अड्डे का जीर्णोद्धार कराते हुए यहां से पुनः बसों का संचालन करायेंगे ? | घोरावल के खुटहा बाईपास के पास बना रोडवेज का बस स्टेशन मुख्य मार्ग से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है। मुख्य मार्ग से बस स्टेशन को जोडने वाले सम्पर्क मार्ग एकल मार्ग है तथा मार्ग की दशा अत्यन्त खराब है, जिस कारण उक्त बस स्टेशन से बसों संचालन किया जाना सम्भव नहीं है। |
| | (ग) | यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| | (घ) | यदि नहीं तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।